जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0 लखनऊ
लोहिया भवन (भूतल कक्ष सं0–17), पुरनिया चौराहा, अलीगंज लखनऊ
फोन नं0–0522–2322904 e-mail-akrai.zpmc@gmail.com

पत्रांक : 538 / 33–सेल / 2022 दिनांक : 30 मार्च, 2022

—विज्ञप्ति—

जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0 लखनऊ में स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स हेतु सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंताओं / अधीक्षण अभियंताओं का इम्पैनलमेन्ट

जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्माणाधीन मार्गों / कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता / अधीक्षण अभियंता स्तर के 07 राज्य गुणवत्ता नियंत्रकों (स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स–SQM) का चयन किया जाना है जिनकी सेवाएँ अस्थायी रूप से प्रथमतः एक वर्ष के लिए ली जायेंगी, गुणवत्ता नियंत्रक शासन / कोष्ठक द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यों की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या 15 दिन के भीतर उपलब्ध करायेंगे, स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स–SQM को कार्यों के निरीक्षण हेतु शासन स्तर से निर्धारित दरों के अनुसार मानदेय भत्ता, लॉजिंग भत्ता, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता एवं रिपोर्टिंग भत्ता दिया जायेगा। स्टेट क्वालिटी मॉनीटर्स के पैनल में सम्मिलित होने के लिए सेवानिवृत्त अभियंता, अपना आवेदन पत्र शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 13.04.2022 सायं 05 बजे तक जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0 लखनऊ पिन कोड–226024 लोहिया भवन (भूतल कक्ष सं0–17), पुरनिया चौराहा अलीगंज लखनऊ में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से अथवा ई–मेल आई–डी zpmc.up@gmail.com पर भेज सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। चयनोपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वस्थ होने का चिकित्सा प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा तथा आवेदक की आयु 63 वर्ष से अधिक न हो। शेष शर्तों के लिए कार्यालय जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक में सम्पर्क कर सकते हैं।

(उप निदेशक)